राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण जगमोहन मल्होत्रा के निधन पर शोक एवं गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 04 मई, 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं जम्मू–कश्मीर के पूर्व राज्यपाल पद्म विभूषण जगमोहन मल्होत्रा के निधन पर शोक एवं गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोकोद्गार में कहा है कि वह प्रख्यात विद्वान एवं कुशल प्रशासक थे। बिहार के पर्यटन के विकास में उनका विशेष योगदान था। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण एवं पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा परिजनों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....